हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

तेरहवां सत्र

मौखिक उत्तर हेतु स्थगित प्रश्न

शुक्रवार, 20 नवम्बर, 2026/29, कार्तिक, 1948 (शक्)

[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री].

कुल प्रश्न 4

स्क्रैप नीति

***4025 श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश में विभिन्न सरकारी कार्यालयों के कितने वाहन स्क्रैप स्टोर अथवा अन्य स्थानों पर खड़े हैं जो निर्धारित स्क्रैप नीति के अंतर्गत उपयोग में नहीं लाए जा सकते हैं; विभागवार व वर्षवार ब्यौरा दें; और

(ख) इन वाहनों के निस्तारण/नीलामी अथवा स्क्रैप नीति के क्रियान्वयन हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

शिलान्यास व उद्घाटन

***4286 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक मुख्य मंत्री द्वारा प्रदेश में कितने नए कार्यों

के शिलान्यास व उद्घाटन किए गए; ब्यौरा दें ;

(ख) शिलान्यास किए गए कार्यों की तारीख, प्रस्तावित बजट व व्यय की गई धनराशि का पूर्ण ब्यौरा दें; और

(ग) उद्घाटन वाले कार्यों का शुभारम्भ कब किया गया था; ब्यौरा दें?

जल रक्षक

***4406 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या सरकार जल रक्षकों को अनुबंध में लाने हेतु निर्धारित समय-सीमा को कम करने का विचार रखती है; यदि हां, तो वर्तमान में निर्धारित समय-सीमा कितनी है तथा इसे घटाकर कितने वर्ष किए जाने का प्रस्ताव है; और

(ख) सरकार इस निर्णय को कब तक लागू करने का विचार रखती है व जल रक्षकों के भविष्य को सुरक्षित एवं सुनिश्चित करने हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं?

राज्य खरीद नीति

***4505 श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) स्वास्थ्य विभाग द्वारा अपनाई जा रही राज्य खरीद नीति का ब्यौरा प्रति सहित दें;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक नागरिक आपूर्ति के माध्यम से की गई खरीद का वर्षवार एवं मदवार ब्यौरा दें; और

(ग) प्रत्येक आपूर्तिकर्ता को किए गए भुगतान, लंबित भुगतानों का विक्रेतावार एवं बिलवार ब्यौरा दें; यदि भुगतान लंबित हैं तो उसके कारण तथा भुगतान किए जाने की प्रस्तावित समय-सीमा क्या है?

शिमला: 171004. **यशपाल शर्मा,**

16 नवम्बर, 2026. **सचिव**